<u>समाचार</u>

# <u>महापौर एवं आयुक्त ने किया वृक्षारोपण, रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे</u>

## <u>(छ.ग.चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज तथा नगर निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम)</u>



कोरबा 07 अगस्त 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पोडीबहार स्थित ऑक्सी जोन में आज वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रकली जायसवाल सहित सी.सी.सी. आई. के पदाधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया।

छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में पोड़ीबहार स्थित ऑक्सी जोन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आयोजन में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण एवं उनका संरक्षण, संवर्धन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने व पर्यावरण को

संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण अत्यंत अनिवार्य है, वहीं केवल पौधे लगा देने ही काफी नहीं, बल्कि एक पौधे को वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण व संवर्धन भी उतना ही जरूरी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान सी.सी.सी.आई. के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रामानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाषचन्द्र अग्रवाल, मंत्री  दीपक मित्तल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता अश्वनी दास सहित अन्य लोगों ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया।